आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 15.06.2024

मुख्य समाचारः–

1– बस्तर संभाग के अबूझमाड़ में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में आठ माओवादी मारे गए–एक जवान शहीद–दो अन्य जवान घायल।

2– बिलासपुर सांसद और केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास होगा–आज रायपुर पहुंचने पर केन्द्रीय राज्यमंत्री का हुआ भव्य स्वागत।

3– रायपुर पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने और नकली नोट छापने के आरोप में आठ लोगों को किया गिरफ्तार।

4– आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी।

माओवादी–मुठभेड़

नारायणपुर जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में आठ माओवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ में सुरक्षा बल का एक जवान भी शहीद हो गया है। वहीं, दो अन्य जवान घायल हुए हैं, जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए राजधानी रायपुर लाया गया है।

बस्तर के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर और दंतेवाड़ा की डीआरजी, एसटीएफ, आईटीबीपी और बीएसएफ की संयुक्त टीम नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र से तलाशी अभियान के लिए निकली थी। इस दौरान फरसबेड़ा और धुरबेड़ा के बीच जंगल में पहले से घात लगाए बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान आठ माओवादी मारे गए। वहीं, एक जवान शहीद हो गया और दो अन्य जवान घायल हो गए हैं। मुठभेड़ के बाद घटनास्थल की तलाशी के दौरान मारे गए सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा मौके से दो रायफल, एक बीजीएल लांचर सहित भारी मात्रा में हथियार और अन्य माओवादी सामग्रियां बरामद की गई हैं। पुलिस ने मुठभेड़ में और अन्य माओवादियों के मारे जाने या घायल होने का दावा किया है।

इस बीच, बीजापुर जिले के भैरमगढ़ और मिरतुर में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की टीम ने तलाशी अभियान के दौरान पांच लाख की इनामी महिला एलओएस कमांडर सहित चार माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामान और माओवादी सामग्रियां बरामद की गई हैं।

वहीं, इसी जिले के नैमेड़ थाना क्षेत्र के गदामली–कडेर के बीच निर्माणाधीन सड़क मार्ग पर रोड ओपनिंग के दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की टीम ने तीन आईईडी बरामद किए हैं। इनमें दो आईईडी तीस–तीस किलो और एक दस किलोग्राम का था, जिसे बम निरोधक दस्ते की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

केन्द्रीय मंत्री–छत्तीसगढ़

बिलासपुर सांसद और केंद्रीय आवास तथा शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ का तेजी से विकास होगा। केन्द्रीय राज्य मंत्री का पदभार संभालने के बाद आज पहली बार राजधानी रायपुर पहुंचे श्री साहू ने विमानतल में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर छत्तीसगढ़ के विकास के लिए काम करेंगी।

केन्द्रीय राज्यमंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, बस्तर सांसद महेश कश्यप और विधायक मोतीलाल साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। इसके बाद श्री साहू रायपुर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे, जहां वे आभार कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान श्री साहू का सम्मान किया गया।

केन्द्रीय राज्यमंत्री आज शाम रायपुर में छत्तीसगढ़ साहू समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां समाज द्वारा उनका सम्मान किया गया।

केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री साहू अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान रायपुर के अलावा राजनांदगांव में आयोजित होने वाले स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

राशन कार्ड–ई–केवाईसी

राज्य सरकार ने सामान्य श्रेणी, एपीएल प्राथमिकता और अंत्योदय अन्न योजना के तहत राशनकार्डधारियों का ई–केवाईसी और नवीनीकरण का कार्य आगामी तीस जून तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। ई–केवाईसी के लिए बचे हुए हितग्राहियों को नजदीक की शासकीय उचित मूल्य की दुकान में अपने राशनकार्ड के सभी सदस्यों का ई–केवाईसी आवश्यक रूप से किया जाना है।

आकांक्षी जिला–समीक्षा

प्रदेश के आकांक्षी जिले में हो रहे कार्यों की कल नीति आयोग की राज्य नोडल अधिकारी निधि छिब्बर ने समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों से आकांक्षी जिलों के लिए तय किए गए सभी इंडिकेटर में रैंक सुधार के लिए समर्पण की भावना से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम का उद्देश्य विकास के दौर में पिछड़ चुके जिलों में समावेशी विकास सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री–समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में बरसात के दिनों में स्वच्छ पेयजल के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। श्री साय ने पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए विभाग के टोल फ्री नंबर – एक आठ शून्य शून्य दो तीन–तीन शून्य शून्य शून्य आठ का व्यापक प्रचार–प्रसार करने को कहा। श्री साय ने जल जीवन मिशन के तहत निर्मित किए जा रहे इकहत्तर मल्टीविलेज योजनाओं का काम तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कल स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली थी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा में किडनी की समस्या का स्थाई समाधान किया जाएगा। इसके लिए बीमारी के कारण जानने संबंधी जो भी रिसर्च की जरूरत होगी, वह की जाएगी। ताकि सुपेबेड़ा के लोगों को भविष्य में किडनी संबंधी समस्याओं से पूरी तरह निजात मिल सकें।

मुख्यमंत्री–लोकार्पण/शिलान्यास

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल मुंगेली जिले के ग्राम फरहदा में पच्चीस करोड़ रूपए की लागत के उन्नीस विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस मौके पर श्री साय ने कहा कि आने वाले समय में मुंगेली जिला रेल नेटवर्क में शामिल हो जाएगा। उन्होंने बताया कि कटघोरा–डोंगरगढ़ विशेष रेल परियोजना के लिए राज्य शासन द्वारा तीन सौ करोड़ रूपए राशि की स्वीकृति दी जा चुकी है। इस संबंध में शीघ्र ही भू–अर्जन की कार्रवाई शुरू की जाएगी।

नकली नोट–गिरफ्तार

रायपुर पुलिस ने बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रूपए की धोखाधड़ी करने वाले ओडिशा के संगठित गिरोह के आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि ये सभी लोग ठगी करने के साथ–साथ नकली नोट की छपाई भी करते थे। इन लोगों ने राजधानी रायपुर के पंडरी और अनुपम नगर क्षेत्र में कॉल सेंटर खोला हुआ था, जहां वे बेरोजगारों को नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करते थे। इनके पास से वाहन, जेवरात, लैपटॉप, कलर प्रिंटर, मोबाइल फोन, नोट छापने की मशीन और शीट सहित अन्य सामान जब्त किया गया है।

बलौदाबाजार–गिरफ्तार

बलौदाबाजार में बीते दस जून को तोड़फोड़ और आगजनी की घटना के मामले में पुलिस ने अब तक एक सौ बत्तीस आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है। आज आठ और लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब है कि दस जून को प्रदर्शनकारियों ने बलौदाबाजार के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तोड़फोड़ करने के साथ ही आग लगा दी थी। इसके अलावा कुछ वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया था।

जिला प्रशासन के अनुसार घटना के बाद अब जिले में शांति का वातावरण है। सामान्य दिनों की तरह दैनिक और शासकीय कार्यों का संचालन सुचारू रूप से होने लगा है।

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बालोद'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण–पश्चिम मानसून अभी बीजापुर और सुकमा तक पहुंचा है। अगले चार–पांच दिनों में प्रदेश के अन्य हिस्सों में पहुंचने की संभावना है। अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है। सत्रह जून से वर्षा की गतिविधि में तेजी आने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

– राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने आज अपने ओडिशा प्रवास के दौरान पुरी में भगवान जगन्नाथ जी के दर्शन कर पूजाअर्चना की और देश तथा प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

– कबीरधाम जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिरकोना गांव के रहने वाले कोमल साहू की संदेहास्पद मृत्यु की जांच के लिए उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर एसआईटी का गठन कर दिया गया है।

– बलौदाबाजार वन मंडल के अंतर्गत देवपुर के जंगलों में वन विभाग ने दो दंतैल हाथियों के विचरण के बारे में अलर्ट जारी किया है।

– प्रदेश में किसी भी आपदा में आम नागरिकों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए टोल फ्री नंबर – ''एक शून्य सात शून्य'' जारी किया गया है। इसके जरिए कोई भी नागरिक बाढ़, अग्नि–दुर्घटना, आकाशीय बिजली और सर्पदंश की घटना में सहायता ले सकते हैं।

– राजनांदगांव जिले की डोंगरगढ़ पुलिस ने तीन अंतर्राज्यीय चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से करीब चालीस लाख रूपए का सामान जब्त किया गया है।

– सक्ती जिले के हसौद थाना परिसर से आबकारी मामले में गिरफ्तार रेस्टोरेंट संचालक फरार हो गया है।

– राजनांदगांव जिला रोजगार में अट्ठारह और उन्नीस जून को सुबह दस बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प में पांच सौ बीस विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>